महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं. 17-2/2023(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक : 14/12/2023

अधिसूचना

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं/अनुदानित गुरु-शिष्य-परम्परा इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों की महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता के सम्बन्ध में।

मसारावेविप्र, उज्जैन की 45वीं शासी परिषद की दिनांक 2-1-2023 को आयोजित बैठक में निर्देशानुसार भारतीय प्राचीन संस्कृति एवं वेदों में निहित प्राचीन ज्ञान एवं कला के प्रचार-प्रसार एवं वेद अध्ययनरत छात्रों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेद पाठशालाओं/अनुदानित इकाइयों में अध्ययनरत वेद छात्रों को सस्वर वेद कण्ठस्थीकरण एवं उच्चारण की शुद्धता के साथ साथ मन्दिर में पूजा-विधि, स्तोत्र-पाठ, वास्तु, ज्योतिष आदि प्राचीन कलाओं एवं संस्कृति का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है।

इस उद्देश्य से महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा देशभर में अनुदानित वेदपाठशालाओं / अनुदानित गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों/ अनुदानित राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयो में वेदभूषण/वेदविभूषण पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों को वेद की मूल संहिता की सस्वर शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीकि ज्ञान, विज्ञान, कौशल-विकास, रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अध्यापन का कार्य कराया जाता है।

शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार की स्वीकृति अनुसार प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं/ अनुदानित इकाइयों/ अनुदानित राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों में वेदाध्ययनरत वेद-भूषण एवं वेद-विभूषण के छात्रों की परीक्षा मान्यता हेतु सम्बद्धता अनिवार्य है, इसी क्रम में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन की आयोजित प्रथम बैठक के निर्देशानुसार प्रतिष्ठान से अनुदानित वेद-पाठशालाओं/संस्थाओं तथा गुरु-शिष्य-परम्परा इकाई योजना को महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त करने के लिए निम्नानुसार वार्षिक शुल्क प्राप्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई:-

क्र.सं.	वेदपाठशाला /संस्था /गुरू-शिष्य परम्परा इकाई	छात्र संख्या	सम्बद्धता शुल्क (प्रति वर्ष के लिए)
1	प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशाला /संस्था	10 से 20 तक	रू. 5000/-
		21 से 50 तक	रू.10,000/-
		51 से 75 तक	रू. 15,000/-
		76 से 100 तक	रू. 20,000/-
		100 से अधिक	रू. 25,000/-
2	गुरू-शिष्य परम्परा इकाई	अधिकतम 10 तक	रू. 5000/-

सम्बद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र: प्रतिष्ठान की वेबसाइट www.msrvvp.ac.in पर भरे जा सकते हैं। इसके उपरान्त ही छात्रों के परीक्षा फार्म निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करके ऑनलाइन परीक्षा फार्म प्रेषित किए जा सकते हैं। **वार्षिक सम्बद्धता शुल्क** RTGS/NEFT **द्वारा** MSRVVP-MSRVSSB, **केनरा बैंक, चिन्तामण जवासिया, उज्जैन के खाता संख्या:-** 110102630290, IFSC **कोड:-** CNRB0005679 **में देय रहेगा ।**

बोर्ड के आदेश से जारी,

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) सहायक निदेशक, मसारावेविप्र, उज्जैन

(2) प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाओं/इकाइयों/रा.आ.वे.वि. में अध्ययनरत छात्रों/अध्यापकों की सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ ।

(3) कार्यालय आदेश पत्रावली ।